राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
NATIONAL INSTITUTE OF OPEN SCHOOLING

आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित/ISO 9001 : 2008 certified

(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)

(An Autonomous Institution Under Deptt. Of School Education and Literacy, Ministry of Education, Govt. of India)

फा.-9-71/2020/एनआईओएस/मूल्यांकन/ओडीई दिनांक : 31.08. 2020

परिपत्र

अधिसूचना 19/2020 दिनांक 10.07.2020 खण्ड 4 के अनुसार, जो शिक्षार्थी अपने अंकों को बेहतर करना चाहते हैं वे एक बार अगली सार्वजनिक परीक्षा/जब चाहो तब परीक्षा में बैठ सकते हैं।

ऐसे शिक्षार्थियों को अवसर प्रदान करने के लिए, एनआईओएस ने कोरोना वायरस महामारी के कारण प्रतिबंधित तरीके से जब चाहो तब परीक्षा फिर से आरंभ करने की योजना बनाई है। गहन विचार-विमर्श के पश्चात, केवल एनआईओएस क्षेत्रीय केंद्रों तथा मुख्यालय में जब चाहो तब परीक्षा के माध्यम से शिक्षार्थियों को अपने अंक बेहतर करने के लिए उनका पंजीकरण कराने के लिए एक लिंक खोलने का निर्णय लिया गया है। शिक्षार्थियों को लॉगिन करने तथा अपनी सहमति दर्ज करने के लिए यह पोर्टल 01 सितंबर, 2020 से 10 सितंबर, 2020 तक खुलेगा। यह विकल्प केवल उन शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध होगा, जिन्होंने मार्च/अप्रैल, 2020 की सार्वजनिक परीक्षाओं के लिए पंजीकरण किया था। यह भी संज्ञान लिया जाए कि अब विषय के केवल सिद्धांत भाग की ही परीक्षा आयोजित की जाएगी और स्कूल न खुलने के कारण प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित नहीं की जाएंगी।

इस विशेष जब चाहो तब परीक्षा के माध्यम से निर्धारित पाठ्यक्रम में अंक बेहतर करने का विकल्प चुनने वाले शिक्षार्थियों को यथा समय परीक्षा केंद्र, परीक्षा तिथियां और जहां भी लागू हो अपेक्षित परीक्षा शुल्क के भुगतान का विकल्प दिया जाएगा।

जो शिक्षार्थी अपने अंक बेहतर करना चाहते हैं वे एनआईओएस की वेबसाइट https://nios.ac.in अथवा https://sdmis.nios.ac.in पर लॉगिन करने के बाद अपने डैशबोर्ड के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कर अपनी सहमति दर्ज कर सकते हैं।

वी. वेंकटेस्वरन

निदेशक (मूल्यांकन)

वितरण :

1. निदेशक (वि.स.से.) के सूचनार्थ
2. एनआईओएस के सभी क्षेत्रीय निदेशकों को इस अनुरोध के साथ कि वे यह अधिसूचना उनके क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट पर अपलोड कराएं।
3. एसएपी को एनआईओएस की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
4. गार्ड फाइल।